रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय

हिन्दी पखवाड़े के आयोजन की रिपोर्ट

दि. 03-09-2018 से 14-09-2018 तक

दि. 03-09-2018 से 14-09-2018 तक इस कार्यालय में हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। पखवाड़े का उद्घाटन समारोह दि. 03-09-2018 को श्री. बी एल. गुर्जर, क्षेत्रीय खान नियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर सर्वप्रथम श्री. अभिषेक रंजन गौतम, सहायक खनन अभियंता द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभा में उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात पखवाड़े के दौरान आयोजित किए जानवाले कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं की जानकारी दी गई और उनके द्वारा सभी से आग्रह किया गया कि पखवाड़े के दौरान आयोजित की जानेवाली प्रतियोगिताओं में सभी बढ़चढ़ कर भाग लेंकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय श्री. बी एल. गुर्जर, क्षेत्रीय खान नियंत्रक महोदय ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि, भारत सरकार ने प्रोत्साहन के तौर पर हिंदी भाषा को आगे बढ़ाने की नीति बनाई है। अत: सरकारी कर्मचारी होने के नाते हम सबका कर्तव्य है कि इसी नीति को आगे बढ़ाते हुए राजभाषा हिंदी को बढ़ावा दें। सिर्फ पखवाड़े के दौरान ही नहीं बल्कि हमेशा मूल रूपसे हिंदी में कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि पत्राचार में हिंदी के अग्रेषण पत्र का उपयोग न करते हुए पत्र मूल रूप में ही हिंदी में भेंजे जाने चाहिए। इसी तरह प्रोत्साहन युक्त संबोधन के उपरान्त श्री. अभिषेक रंजन गौतम, सहायक खनन अभियंता के द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया और साथ ही उद्घाटन समारोह का समापन हुआ। पखवाड़े के दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

क्र.सं.	दिनांक	प्रतियोगिता	प्रतिभागियों की संख्या
1.	4-9-2018	निबंध प्रतियोगिता	6
2.	6-9-2018	स्वतः स्फूर्त भाषण	7
3.	10-9-2018	वाद विवाद प्रतियोगिता	8
4.	14-9-2018	अनुवाद प्रतियोगिता (मौखिक)	8
5.	17-9-2018	प्रशनमंच प्रतियोगिता	10

दि. 17-09-2018 को श्री. बी एल. गुर्जर, क्षेत्रीय खान नियंत्रक की अध्यक्षता में 'हिंदी पखवाड़े' के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए श्री. जे. एस. हाडा, सहायक खनन भूविज्ञानी एवं हिंदी संपर्क अधिकारी ने गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह का संदेश पढ़कर संबोधित करते हुए उन्होंने हिंदी के प्रति सभी की रूचि को दर्शाते हुए कहा कि इस वर्ष हिंदी पखवाड़े के दौरान हुई प्रतियोगिताओं में अधिकतर अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया और सभी का उत्साह बढ़ाते हुए यह आशा कि इसी तरह हिंदी में कार्य के प्रति अपना उत्साह बनाएं रखे। इसके उपरान्त कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री. बी एल. गुर्जर, क्षेत्रीय खान नियंत्रक महोदय ने सभा को संबोधित किया। हिंदी में कार्य के प्रति सभी की रूचि को देखते हुए हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हिंदी हमारी राजभाषा है। राजभाषा का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। इसी सम्मान के साथ हम अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करें। इसके i'pkr विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए एवं स्वल्पाहार के i'pkr कार्यक्रम समाप्त हुआ।

छायाचित्र :

श्री जे एस हाडा , हिंदी सम्पर्क अधिकारी द्वारा सम्बोधन

श्री बी.एल.गुर्जर, क्षेत्रीय खान नियंत्रक ,द्वारा पारितोषिक वितरण

श्री बी.एल.गुर्जर, क्षेत्रीय खान नियंत्रक ,द्वारा पारितोषिक वितरण

श्री बी.एल.गुर्जर, क्षेत्रीय खान नियंत्रक रायपुर ,द्वारा सम्बोधन

****